**मुख्यालय Headquarters**
**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
**Employees' State Insurance Corporation**
**पंचदीप भवन, सीआइजी मार्ग, दिल्ली 02**
**Panchdeep Bhawan, CIG Road, New Delhi-110002**

दिनांक : 06/11/2019

# प्रेस प्रकाशनी

**"क.रा.बी.निगम, मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन"**

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेशानुसार दिनांक **28 अक्तूबर से 02 नवंबर, 2019** तक क.रा.बी.निगम द्वारा इसके मुख्यालय और पूरे देश में स्थित इसके कार्यालयों/अस्पतालों द्वारा **"सतर्कता जगरूकता सप्ताह"** उत्साह से मनाया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की विषयवस्तु **"ईमानदारी - एक जीवन शैली"** है। क.रा.बी.निगम के मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारिवृंद द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आरंभ हुआ जिसे श्री राजकुमार, महानिदेशक क.रा.बी. निगम द्वारा दिलाया गया।

सतर्कता संबंधित मामलों पर केंद्रित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अन्य कई क्रियाकलाप आयोजित किए गए जिसमें कई कार्मिकों ने सक्रियता से भाग लिया। व्याख्यानों का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रीमती गरिमा भगत, मुख्य सतर्कता अधिकारी, क.रा.बी. निगम ने "ईमानदारी - एक जीवन शैली" विषय पर और श्री शैलेन्द्र सिंह, मुख्य तकनीकी परीक्षक, केंद्रीय सतर्कता आयोग ने (प्रापण मामले) "प्रोक्यूरमेंट इश्यूज" पर व्याख्यान दिया। क.रा.बी.निगम मुख्यालय/दिल्ली/ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कार्यालयों के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने व्याख्यान सुना और इनकी व्यापक रूप से सराहना की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं हेतु पुरस्कार वितरण और समापन कार्यक्रम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह को सम्पन्न किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी किए गए "निवारक सतर्कता पहलों" पर सर्वोत्तम कार्यशैली के संकलन में क.रा.बी.निगम द्वारा हाल में उठाए गए कदम भी शामिल किए गए हैं। पूरे देश में क.रा.बी.निगम के अन्य सभी क्षेत्र कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों और क्रियाकलापों के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिससे क.रा.बी.निगम द्वारा जनहित में किए जा रहे सतर्कता क्रियाकलापों के संबंध में पणधारकों और जनता के बीच असीम जागरूकता की भावना उत्पन्न हुई।

*********